Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 243 रायपुर, बुधवार 25 सितम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

तालाबंद हड़ताल, 27 सितंबर को छुट्टी का ऐलान, बंद रहेंगे सभी सरकारी दफ्तर

रायपुर, 25 सितम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सभी सरकारी कार्यालयों में आगामी 27 सितंबर को कामकाज उप रहेगा, क्योंकि शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस दिन अवकाश लेकर कलम बंद, काम बंद, और तालाबंद हड़ताल का ऐलान किया है। इस फैसले से सरकारी कार्यालयों से जुड़े कामकाज के प्रभावित होने की आशंका है, इसलिए जनता को सलाह दी जा रही है कि अपने आवश्यक कार्य 27 तारीख से पहले निपटा लें।

■ कर्मचारियों ने कहा- मोदी द्वारा चुनाव के दौरान की गई गारंटी पूरी नहीं हुई, इसलिए उठा रहे कदम

कर्मचारी संगठन का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चुनाव के दौरान की गई गारंटी पूरी नहीं हुई है, जिससे नाराज होकर यह कदम उठाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने इस आंदोलन की तैयारी शनिवार को पूरी कर ली। फेडरेशन के दुर्ग संभाग प्रभारी राजेश चटर्जी, जिला संयोजक विजय लहरे और प्रवक्ता अनुरूप साहू ने बताया कि कर्मचारियों की मुख्य मांगें इस प्रकार हैं- कर्मचारियों और पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता (डीए) दिया जाए। वर्ष 2019 से लंबित डीए की राशि को कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित किया जाए। चार स्तरीय वेतनमान लागू किया जाए। अवकाश नगदीकरण की सीमा 240 दिनों से बढ़ाकर 300 दिन की जाए। हड़ताल के तहत प्रदेशभर के अधिकारी और कर्मचारी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कर्मचारियों से अपील की है कि 27 सितंबर को एक दिन का अवकाश लेकर सुबह 11 बजे हिंदी भवन के सामने सामूहिक प्रदर्शन में भाग लें। इस हड़ताल का असर पूरे राज्य में सरकारी कामकाज पर पड़ेगा, जिससे जनता को असुविधा हो सकती है।

आप से भाजपा में जाते ही चली गई करतार सिंह तंवर की विधायकी

दल बदल विरोधी कानून के तहत स्पीकर ने लिया एक्शन

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (न्यूज चैनल)। तंवर आप छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और दिल्ली पार्टी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ली थी। वह दिल्ली के पूर्व समाज कल्याण मंत्री और आप विधायक राज कुमार आनंद के साथ भाजपा में शामिल हुए थे। छतरपुर विधायक करतार सिंह तंवर को दलबदल विरोधी कानून के तहत स्पीकर द्वारा अयोग्य घोषित किए जाने के बाद दिल्ली विधानसभा की सदस्यता खत्म हो गई है। दिल्ली विधानसभा स्पीकर के निर्देश पर जारी आदेश के मुताबिक, करतार सिंह तंवर की विधानसभा सदस्यता 10 जुलाई से खत्म हो गई है। तंवर 2020 के विधानसभा चुनाव में आप के टिकट पर छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे। इससे पहले जुलाई में तंवर आप छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और दिल्ली पार्टी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ली थी। वह दिल्ली के पूर्व समाज कल्याण मंत्री और आप विधायक राज कुमार आनंद के साथ भाजपा में शामिल हुए थे।-

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से शिक्षक भर्ती की मांगी जानकारी



बिलासपुर, 25 सितंबर (हाईवे चैनल)। राजनांदगांव के डीईओ द्वारा छात्राओं से दुर्व्यवहार के मामले को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान कोर्ट ने राज्य शासन को प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए भर्ती कब तक होगी, यह बताने के निर्देश दिए. साथ ही इसके लिए चल रही प्रक्रिया की जानकारी भी मंगाई. मामले में अगली सुनवाई अक्टूबर में होगी.

राजनादगांव के डीईओ द्वारा छात्राओं से दुर्व्यवहार और जेल भेजने की धमकी को लेकर हाईकोर्ट के स्वत: संज्ञान मामले में सुनवाई हुई. हाईकोर्ट ने शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में नियुक्ति की जानकारी मांगी थी. जिस पर शासन की ओर से बताया गया कि लगभग 267 स्कूल प्रदेश में ऐसे हैं, जहां शिक्षकों की कमी है. इनमें से 60 स्कूलों में स्थानीय स्तर पर शिक्षक नियुक्त किए गए हैं. दूरस्थ अंचल के 55 स्कूलों में अन्य स्कूलों से शिक्षकों का समायोजन किया गया है, बाकी स्कूलों में भी नियुक्ति प्रक्रिया की जा रही है. जिसके बाद कोर्ट ने स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति कब तक हो जाएगी, यह बताने के निर्देश दिए हैं.

ब्रेकिंग न्यूज

कल आएंगे जेपी नड्डा, सदस्यता अभियान पर लेंगे बड़ी बैठक

रायपुर, 25 सितंबर (हाईवे चैनल)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 26 सितंबर को छत्तीसगढ़ के दौरे पर आएंगे। छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान जेपी नड्डा सदस्यता अभियान को लेकर बड़ी बैठक लेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा संगठनात्मक बैठक लेंगे और सरकार के कामकाज की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही वे भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे में लगी स्मृति प्रतिमाओं का अनावरण करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नबीन भी राजधानी रायपुर आएंगे। यात्रा के दौरान संगठन को मजबूत करने और आगामी निकाय चुनाव तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

पं. जसराज की पत्नी मधुरा पंडित जसराज का निधन

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (न्यूज चैनल)। मनोरंजन जगत से हाल ही में एक दुखद खबर सामने आई है। जाने माने शास्त्रीय गायक पंडित जसराज की पत्नी और प्रसिद्ध फिल्मी हस्ती वी.शांताराम की बेटी मधुरा जसराज अब इस दुनिया में नहीं रहीं। उनका 25 सितंबर को तड़के घर पर उम्र संबंधी बीमारी के कारण निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर उनके घर शिव-करण बिल्डिंग, फिशरीज यूनिवर्सिटी रोड, यारी रोड, अंधेरी (पश्चिम) से दोपहर 3ः30-4 बजे के बीच रवाना होगा और अंतिम संस्कार बुधवार 25 सितंबर को शाम 4.30 बजे के बीच ओशिवारा श्मशान घाट पर किया जाएगा। एक लेखक, फिल्म निर्माता और कोरियोग्राफर के तौर पर सक्रिय मधुरा ने अपने पति को श्रद्धांजलि के लिए साल 2009 में %संगीत मार्तंड पंडित जसराज% नाम से एक डॉक्यूमेंट्री बनाई थी। इसके अलावा उन्होंने अपने पिता वी. शांताराम की जीवनी और कई अन्य उपन्यास भी लिखे थे।बता दें, मधुरा जसराज से पहले अगस्त 2020 में पंडित जसराज का कार्डियक अरेस्ट के कारण निधन हो गया था। वो 90 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह गए थे। जसराज एक शास्त्रीय गायक थे जिन्हें पद्मभूषण से भी सम्मानित किया जा चुका है।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, कंगना रनौत ने तीन किसान कानून का समर्थन वाला बयान देकर खुद फंसी और पार्टी को फंसा दी।

चुहिया- हां जी, अभिनेत्री राजनीति को भी रंगमंच समझ रहीं हैं। जहां किरदार निभाने के बाद बात खत्म हो जाती है।

गांव में एक के बाद एक 8 लोगों की रहस्यमय मौत से दहशत

दैवीय प्रकोप की आशंका के बीच प्रशासन तलाश रहा कारण

मोहला-मानपुर, 25 सितंबर (हाईवे चैनल)। मोहला-मानपुर जिले के अंबागढ़ चौकी विकासखंड अंतर्गत ग्राम नीचे कोहड़ा में एक माह के भीतर एक के बाद एक 8 लोगों की मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है. मौत कैसे हो रही है, इसका क्या कारण है ये फिलहाल रहस्य बना हुआ है. वहीं एक के बाद एक हो रही मौतों से थर्राए स्थानीय ग्रामीणों ने मौतों के कारण को तलाशने की कोशिश में गांव में बैठक कर इस मसले पर राय शुमारी की।

मौतों की असल वजह से ग्रामीण खुद अनजान हैं. वहीं आशंका इस बात पर भी जताई जा रही है कि इन मौतों के पीछे कहीं ये कोई दैवीय प्रकोप तो नहीं? ऐसे में ग्रामीण स्वास्थ्यगत कारणों के साथ दैवीय प्रकोप की भी पड़ताल कर रहे हैं. दूसरी और जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंडावी ने उक्त मौतों की पुष्टि करते हुए कहा है कि क्षेत्रीय बीएमओ को गांव भेजकर जानकारी ली गई है. कुछ मृतकों ने मौत से पहले स्थानीय डॉक्टर से इलाज करवाया था। पहले एक बुजुर्ग की मौत हुई, और फिर इसके बाद 15 से 20 दिन के अंतराल में एक के बाद एक सात अन्य लोगों की मौत हो गई. मृतकों में कॉलेज में पढ़ने वाली दो पक्की सहेलियों के अलावा बालिकाएं, युवा, अधेड़ व बुजुर्ग भी शामिल हैं। ग्रामीणों की माने तो नाक से खून निकलने, खून की उल्टी, हरारत सहित अलग-अलग परेशानियों की चपेट में आने के बाद महज एक रात के अंतराल में विभिन्न अस्पतालों में इलाज के दौरान लोगों की मौत हुई हैं. गांव के सरपंच, मृत कॉलेज छात्रा के पिता समेत स्थानीय ग्रामीण ने गांव में आयोजित बैठक के दरमियान मौत की इस पहेली पर जानकारी साझा की। बता दें कि जिले के कलेक्टर एस. जयवर्धन ने भी इन मौतों को गंभीरता से लिया है. मंगलवार की रात कलेक्टर, एसपी समेत प्रशासनिक आला अफसरों ने निचेकोहड्डा गांव पहुंचकर हालात का जायजा लिया. इसके साथ ग्रामीणों व मृतकों के परिजनों से मिलकर इन मौतों के कारणों को खंगाला।

आतंकियों की खैर नहीं, बॉर्डर पर जवानों को मिलेगी एके-203

अब होगा तगड़ा एक्शन

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (न्यूज चैनल)। पाटन के मेजर जनरल सुधीर शर्मा की अगुवाई में बनाई जा रही 35,000 एके-203 असॉल्ट राइफलें अब सीमावर्ती इलाकों में तैनात भारतीय जवानों के हाथों में पहुंच गई हैं। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत दिसंबर 2024 तक सेना को 20,000 और राइफलें दी जाएंगी।

मेजर जनरल सुधीर शर्मा को अगस्त 2023 में गहन चयन प्रक्रिया के बाद इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड का सीईओ और एमडी नियुक्त किया गया था। यह रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक रणनीतिक परियोजना है, जिसके तहत कंपनी रूस की कलाश्निकोव कंपनी से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ भारत में 601,427 एके-203 राइफलें बनाएगी। एके-203 राइफल का उत्पादन उत्तर प्रदेश के अमेठी में स्थित फैक्ट्री में किया जा रहा है। यह संयंत्र प्रतिदिन 600 से अधिक राइफलें बनाने में सक्षम है। मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत, भारत में निर्मित इन राइफलों को मित्र देशों को भी निर्यात किया जाएगा। इससे भारत की रक्षा उत्पादन क्षमता को मजबूती मिलेगी और देश को रक्षा निर्यात के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त होगा।

कंगना रनौत ने कृषि कानूनों पर अपनी टिप्पणी पर जताया खेद

माफी मांगते हुए कहा - मैं अपने शब्द वापस लेती हूं

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (न्यूज चैनल)। भाजपा नेता कंगना रनौत ने बुधवार को एक वीडियो पोस्ट कर अपने तीन कृषि कानून वापस लाओ वाले बयान पर माफ़ी मांगी, जिससे काफ़ी विवाद हुआ और विपक्ष ने भाजपा को घेर लिया। इसके बाद मंडी सांसद के खिलाफ़ कार्रवाई की मांग की। कंगना ने कहा कि उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उनकी राय पार्टी लाइन के अनुरूप हो क्योंकि अब वह भाजपा की सदस्य हैं। उन्होंने कहा कहा मैं यह ध्यान रखूंगी कि मैं भी भाजपा कार्यकर्ता हूं। पिछले कुछ दिनों में मीडिया ने मुझसे कृषि कानूनों पर सवाल पूछे और मैंने सुझाव दिया कि किसानों को प्रधानमंत्री से कृषि कानूनों को वापस लाने की अपील करनी चाहिए।

यह कहते हुए कि उनकी टिप्पणियां पार्टी के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं, कंगना ने एक वीडियो बयान में कहा, पिछले कुछ दिनों में मीडिया ने मुझसे किसान कानून पर कुछ सवाल पूछे और मैंने सुझाव दिया कि किसानों को पीएम मोदी से किसान कानून वापस लाने का अनुरोध करना चाहिए। मेरे बयान से कई लोग निराश और हताश हैं। जब किसान कानून प्रस्तावित किया गया था, तो हममें से कई लोगों ने इसका समर्थन किया था, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री ने बड़ी संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ इसे वापस ले लिया। और हम सभी कार्यकर्ताओं का यह कर्तव्य है कि हम उनके शब्दों की गरिमा का सम्मान करें। कंगना ने कहा, मुझे यह ध्यान रखना होगा कि मैं सिर्फ एक कलाकार नहीं बल्कि भाजपा कार्यकर्ता भी हूं। मेरी राय व्यक्तिगत नहीं होनी चाहिए और पार्टी का रुख होना चाहिए।

राजधानी में बेलगाम चाकूबाज 3 छात्रों पर जानलेवा हमला

रायपुर, 25 सितंबर (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में चाकूबाज़ बेलगाम हो चुके हैं। रायपुर पुलिस चाकूबाज़ों पर लगाम कसने में पूरी तरह से फेल नजर आ रही है। शहर में आए दिन चाकूबाज़ी की वारदात सामने आ रही हैं। ताज़ा मामला न्यू राजेंद्र नगर इलाके का है, जहाँ पुरानी रंजिश के चलते छात्रों के बीच चाकूबाज़ी की वारदात हुई है। जानकारी के मुताबिक, पुरानी रंजिश में आरोपियों ने तीन छात्रों पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर दिया। इस वारदात में आयुष निहाल (उम्र 19 वर्ष), पवित्रो यादव (उम्र 18 वर्ष) समेत एक नाबालिग छात्र बुरी तरह घायल है, जिनका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है।

न्यू राजेंद्र नगर थाना प्रभारी जितेंद्र ताम्रकार ने बताया कि कक्षा 11वीं के छात्रों के दो ग्रुप में पुराने विवाद को लेकर मारपीट होने पर एक छात्र ने अपने दोस्त को बुलाकर चाकू से हमला किया। घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और तीनों घायल छात्रों का मेडिकल (मुलाहिजा) किया गया। पुलिस ने मामले में 2 नाबालिगों को हिरासत में लिया है। गौरतलब है कि रायपुर में आए दिन औसतन 4-5 चाकूबाज़ी की घटनाएँ सामने आ रही हैं। शहर में बीते दिनों सप्ताह भर के भीतर तेलीबाँधा तालाब में चाकूबाज़ी में दो हत्या की वारदात हुई हैं। इनमें एक प्रेम प्रसंग के चलते युवती की हत्या हुई, और दूसरी वारदात में सिर्फ़ 50 रुपए के लिए क्लेक्ट्रेट के कर्मचारी की हत्या कर दी गई थी।

कई इलाकों में भारी बारिश की संभावना

रायपुर, 25 सितंबर (हाईवे चैनल)। रायपुर में सुबह से बादल छाए हैं। यहां 26 सितंबर तक गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। कल भी कुछ जगहों पर भारी बारिश की संभावना है। 27 सितंबर से वर्षा की तीव्रता में कमी आ सकती है। 1 जून से अब तक प्रदेश में 1176 मिमी बारिश हुई है। मानसून सीजन खत्म होने में अभी 5 दिन ही बचे हैं। बता दें कि मंगलवार को प्रदेश में मानसून की सक्रियता सामान्य रही। प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक महासमुंद जिले के कोमाखान में 50 मिमी बारिश हुई। प्रदेश में अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा 35.6एष्ट सुकमा और सबसे कम न्यूनतम तापमान 22.4एष्ट दुर्ग में दर्ज किया गया। बीते 5 साल की तुलना में इस बार कम बारिश हुई है। राहत की बात यह है कि इस बार खेती के लिए बेहतर बरसात हुई है। एक जून से अब तक 42 इंच बारिश दर्ज की गई है। पिछले साल 49 इंच वर्षा हुई थी। हालांकि, अभी भी सिस्टम सक्रिय है, जिसके चलते विदाई बेला में बारिश की संभावना बनी हुई है।

इधर महाराष्ट्र के मराठवाड़ा, विदर्भ और कुछ अन्य क्षेत्रों में आंधी-बारिश की संभावना जताते हुए मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। मध्य महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्रों में तूफानी हवाओं के साथ भारी बारिश की संभावना है। राज्य के कुछ जिलों में ऑरेंज अलर्ट और कुछ में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बुधवार, 25 सितंबर के लिए मुंबई, ठाणे और पालघर जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मुंबई और उसके उपनगरीय इलाकों में अलग अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश, गरज के साथ बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने रायगढ़ और पुणे जिलों के लिए 25 सितंबर को रेड अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में अत्यधिक भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।

उर्मिला मातोंडकर 8 साल बाद ले रही हैं पति मोहनिश अख्तर मिर से तलाक!

नई दिल्ली, 25 सितम्बर (न्यूज चैनल)। अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर बॉलीवुड की जानी मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने कई सुपरहिट फिल्में दी है। कुछ समय से वह राजनीति में अपना हाथ आजमा रही है। अभिनेत्री से राजनेता बनने के दौर के बीच उर्मिला मातोंडकर का निजी जीवन लगता है काफा ज्यादा इफेक्ट हुआ है। उर्मिला मातोंडकर ने फैसला लिया है कि वह अपने पति से अलग हो रही हैं। कथित तौर पर उर्मिला मातोंडकर ने शादी के आठ साल बाद अपने पति मोहसिन अख्तर मीर से तलाक के लिए अर्जी दी है।

अभिनेत्री-राजनेता उर्मिला मातोंडकर को लेकर यह दावा किया जा रहा है कि वह अपनी शादी तोड़ रही हैं। जोड़े के एक करीबी सूत्र ने पुष्टि की कि अभिनेत्री ने मुंबई के बांद्रा में तलाक के लिए अर्जी दी है। यह भी बताया जा रहा है कि अलगाव आपसी सहमति से नहीं है और यह अर्जी चार महीने पहले दाखिल की गई थी। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक 50 वर्षीय अभिनेत्री ने काफी सोच-विचार के बाद यह फैसला लिया। मुंबई कोर्ट के एक सूत्र ने प्रकाशन को बताया कि अलगाव का कारण अभी पता नहीं चला है। उर्मिला इंस्टाग्राम पर कुल 150 लोगों को फॉलो करती हैं, हालांकि, मोहसिन उनमें से एक नहीं हैं। अभिनेत्री ने मोहसिन के साथ तस्वीरें नहीं हटाई हैं। इस जोड़े को साथ में दिखाने वाली आखिरी पोस्ट ईद, 2023 पर थी। मोहसिन के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए उर्मिला ने लिखा- शांति और सद्भाव के लिए सभी प्रार्थनाएं स्वीकार करें..प्यार, दया और करुणा की जीत हो!

उर्मिला मातोंडकर और मोहसिन अख्तर मीर ने 2016 में एक गुप्त समारोह में शादी की थी। जब उन्होंने अपनी शादी की घोषणा की, तो अभिनेत्री के प्रशंसक आश्चर्यचकित रह गए, क्योंकि दोनों अलग-अलग धर्मों से थे और उनकी उम्र में भी बहुत अंतर था। अपनी शादी के बाद, उर्मिला ने एक बार बताया था कि कैसे मोहसिन को उनके धर्म के कारण सोशल मीडिया पर नफ़रत का सामना करना पड़ा। उसे आतंकवादी, पाकिस्तानी कहा गया। सबसे बड़ी बात यह है कि मेरे पति कोई साधारण मुसलमान नहीं, बल्कि कश्मीरी मुसलमान हैं। हम दोनों अपने-अपने तरीके से अपने धर्म का पालन करते हैं, और इसने उन्हें मुझे ट्रोल करने का एक बड़ा मंच दिया। इसकी एक सीमा है, जहाँ तक जाना चाहिए, उन्होंने कहा था।